एक नजर में

गुजराती सेन समाज द्वारा आगामी 4 नवम्बर को अन्नकूट का आयोजन

नागदा (धार)। गुजराती सेन समाज क्षेत्र बदनावर द्वारा आगामी 4 नवम्बर मंगलवार को अन्नकोट का आयोजन गणपति मंदिर बखतगढ़ में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए समाज के ओमप्रकाश सेन नागदा ने बताया कि सोमवार रात्री महिला मंडल द्वारा भजन व मंगलवार प्रात: शोभा यात्रा के साथ अन्नकोट का आयोजन किया जायेगा। श्री सेन ने उक्त अन्नकोट महोत्सव में स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपिल की। इस वर्ष अन्नकोट में भोजन प्रसादी का लाभ मनीराम, दिलीपजी भाटी परिवार रतनपुरा द्वारा लिया जायेगा। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष गुजराती सेन समाज बदनावर क्षेत्र द्वारा बखतगढ़ स्थित समाज के मंदिर पर अन्नकोट का भव्य आयोजन किया जाता है।

निशुल्क साइकिल का वितरण किया

सरदारपुर । शासकीय बालिका मिडिल स्कूल रिंगनोद में मध्यप्रदेश शासन द्वारा बालिका को दी जा रही निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया, साइकिल पाकर बालिकाओं में खुशी की लहर निशुल्क साइकिल पाकर बालिकाये बहुत प्रसन्न है इससे इनको विद्यालय आने जाने में सुविधा होंगी ।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अजा मोर्चा ज्वाला सोलंकी, मंडल उपाध्यक्ष राजेश जी लछेटा, ईश्वर जी मिस्त्री, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नारायण जी ठाकुर युवा नेता योगेश जी परिहार, विनय जी कोठारी सरवन अमलियार, भाजपामंडल अध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि बिना शिक्षा के जिवन अधूरा है अगर आप अच्छा पढ़ना लिखना चाहते हो तो भाजपा सरकार आपके साथ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव, आपकी सेवा के लिए सदा तात्पर्य है ,,आपकी अच्छी शिक्षा के लिए प्रदेश जिला तहसील सभी जगह आपकी सेवा के लिए, सभी जगह तैयार है, चाहे सुकन्या हो या लाड़ली लक्ष्मी या लाडली बहना सभी हमारे लिए देवी के समान है

खाद का वितरण किया

सरदारपुर । आज रिंगनोद सोसाइटी में अन्नदाताओं की ज्वलनत समस्या खाद का वितरण किया गया किसान अपनी सुविधा के अनुसार खाद ले जा रहे हैं इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मानाजी मोलवा, हीरालाल जी चौधरी गुमानपुरा आदि प्रमुख कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे .

मध्यप्रदेश शासन द्वारा समेकित छात्रवृत्ति की राशि जमा की

बखतगढ़ – मध्यप्रदेश शासन द्वारा अध्ययनरत समस्त पात्र विद्यार्थियों को समेकित छात्रवृत्ति की राशि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों के खातों में अंतरित की गई । यह छात्रवृत्ति राशि 52लाख विद्यार्थियों के खातों में अंतरित की गई जो लगभग 300 करोड़ रुपए से भी अधिक की है । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखतग? में जिला शिक्षा अधिकारी केशव जी वर्मा के मार्गदर्शन में, शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम का भोपाल से सजीव प्रसारण दिखाया गया ।शाला में आयोजित सजीव प्रसारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी और संस्था प्राचार्य एस .डावर थे ।इसमें शाला एवं बखतगढ़ संकुल में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों के खातों में समेकित छात्रवृत्ति की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ एम. एस. बामनिया, बी.एस.बघेल ,सुश्री अनिता सूर्यवंशी , राकेश वसुनिया ,राधेश कुमार जोशी ,गोपाल पाटीदार , आभा राठौर , अभिषेकसिंह गेहलोत, रविप्रकाश परमार , सुशील परमार ,आयुषी परमार , विरेन्द्रसिंह चंद्रावत, जगदीश भाभर , यशवंत वरुंदना , विष्णु सोनगरा ,दिलीप रिल सहित स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन राकेश वसुनिया ने किया । उक्त जानकारी वरिष्ठ शिक्षक राधेश कुमार जोशी ने प्रदान की।

दाल–बाफले के स्वाद और राजस्थानी रंगों में सराबोर हुए लोटस इंटरनेशनल स्कूल सादलपुर के नन्हें पर्यटक



नागदा। लोटस इंटरनेशनल स्कूल सादलपुर के विद्यार्थियों ने नखराली ढाणी, इंदौर में एक दिन का पिकनिक मनाया। इस शैक्षिक एवं मनोरंजक यात्रा में कक्षा 5वीं से 10वीं तक के लगभग 250 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय के डायरेक्टर श्री जितेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत एवं आनंद प्रजापत ने बसों को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को पिकनिक के लिए रवाना किया और सभी को शुभ एवं मंगलमय दिवस की शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी वातावरण में विभिन्न झूलों और राइड्स का आनंद लिया, नए गेम जोन में खेल खेले और रोमांचक गतिविधियों में भाग लिया। कठपुतली नृत्य, कालबेलिया डांस, राजस्थानी लोकगीतों और जादुई खेलों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पिकनिक के दौरान विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को इनाम भी प्रदान किए गए। शिक्षकों के लिए विशेष क्विज़ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के बीच में परोसे गए पारंपरिक राजस्थानी व्यंजन — दाल, बाफले और लड्डू ने सभी के मन को मोह लिया। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही राजस्थानी संस्कृति और आतिथ्य के रंग में रंग गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर राजस्थानी नृत्य किया और राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोक रंग और परंपरा में सराबोर हो गए। विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र पटेल ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना, आनंद और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

सोयाबीन के कम भाव पर किसानों का प्रदर्शन, मंडी गेट बंद होने से पिटगारा चौराहे पर घंटों जाम

बदनावर .कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के कम भाव को लेकर किसानों ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए मंडी के मुख्य द्वार पर ताले लगा दिए, जिससे करीब दो घंटे तक फोर लेन पर लंबा जाम लग गया। तहसीलदार सुरेश नागर मौके पर पहुंचकर किसानों से चर्चा कि और स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया। सुबह 9 बजे से मंडी परिसर में प्याज, लहसुन, सोयाबीन की भारी आवक शुरू हुई, जिससे मंडी के अंदर जगह की कमी हो गई। गाड़ियों की संख्या बढ़ने पर प्रवेश रोक दिया गया, जिसके बाद ट्रैक्टर–ट्रॉली, ट्रक और बसों की लंबी कतारें पिटगारा चौराहे तक पहुंच गईं। जाम के कारण यात्रियों, किसानों और राहगीरों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। इसी बीच किसानों ने कम भाव को लेकर विरोध जताया और मंडी गेट पर ताले जड़ दिए। किसानों का कहना था कि मेहनत और लागत दोनों बढ़ने के बावजूद फसल का मूल्य नहीं मिल रहा। धार जिले के दसई गांव के किसान सुनील पाटीदार ने बताया कि सोयाबीन 3 हजार से 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच बिक रही है, जिससे किसान नुकसान में हैं और उनमें आक्रोश है। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द भाव नहीं बढ़ाए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मंडी के बाहर खड़े किसानों ने कहा कि बाजार में प्याज और लहसुन की अधिक मात्रा आने से पहले ही जगह कम थी, ऊपर से गेट बंद होने के कारण स्थिति और बिगड़ गई। जाम में कई वाहन फंस गए, यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। किसान हिरेन्द्र सिंह डोड़ीया, संदीप सिंह चन्द्रावत, संदीप चौधरी और भंवर सिंह राठौर ने बताया कि वे सुबह से खड़े हैं, लेकिन मंडी में प्रवेश नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि हर साल सीजन में यही अव्यवस्था होती है, पर इस बार मंडी गेट बंद रहने और कम दाम मिलने से दोहरी परेशानी हुई । सड़क पर गाड़ियों की कतारें लगातार बढ़ती रहीं। वाहन चालकों ने कहा कि पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण सभी गाड़ियां सड़क पर खड़ी करनी पड़ीं। लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच पुलिस सुबह 11 बजे फोरलेन मौके पर पहुंची और तैनाती के बाद वाहनों को एक–एक लेन में निकालना शुरू किया। प्रशासन और पुलिस की कोशिशों के बाद दोपहर तक स्थिति सामान्य हो सकी। किसानों से वार्ता के दौरान तहसीलदार सुरेश नागर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। लोगों ने कहा कि मंडी के बाहर पार्किंग और सर्विस रोड की व्यवस्था की जाए ताकि ट्रैफिक बाधित न हो। दिनभर चले विरोध और जाम के बाद दोपहर को रास्ता खुला, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया कि फसल सीजन में मंडी और यातायात दोनों के लिए ठोस योजना कब बनेगी। किसानों ने साफ कहा कि जब तक उचित मूल्य नहीं मिलेगा, उनका विरोध जारी रहेगा.

नगर में लगातार चोरी की वारदात, बदमाशों ने आटो पार्ट्स की दुकान को बनाया निशाना

शटर का ताला तोड़कर करीब एक लाख का सामना ले गए, सीसीटीवी केमरे में कैद हुई वारदात

बाग – नगर में लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे अज्ञात बदमाश ।जो अब पुलिस के लिए लगातार हो रही चोरी की वारदाते चुनौती बनती जा रही है । महेश नगर के मुख्य मार्ग पर बीती रात्रि को अज्ञात बदमाशो ने आटो पार्ट्स की दुकान को अपना निशाना बनाया ।चोरों ने दुकान से करीब एक लाख का सामान चुरा लिया । जिसकी पुरी वारदात सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई जिसमे चोर भी दिखाई दे रहे हैं। उन्हीं फुटेजों को बाग पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है और बदमाशो की शिनाख्त की जा रही है ।

यह घटना बीती रात्रि की है चोरों ने मुख्य मार्ग की और से दुकान की शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया । दुकान में रखे बाइक रिपेयरिंग के आधुनिक मशीनें लाइटिंग फाइबर आयटम, आयल के डिब्बे नट बोल्ड के डब्बे आदि सामग्री चुरा ले गये ।

दुकान संचालक सरवन प्रजापत ने बताया की अचानक रात में घर पर रिकार्डिंग मेरे मोबाईल में बंद मिली तो मुझे शंका हुई और रात करीब 3 बजे अपने। भाई को लेकर दुकान में आया तो देखा शटर का ताला टुटा हुआ है दुकान का सामान बिखरा हुआ है तो चोरी का पता चला । चोरों ने दुकान मे लगे चार सीसीटीवी कैमरों में से तीन को तोड़ दिया था और रिकार्डिंग का डिवियार निकाल लें गये । जब हमसे दुकान के आसपास सामान देखा तो डिवियार हमें दुकान से थोड़ी दुरी पर पड़ा मिला जिसे चोर फेंक गये थे ।इधर लगातार हो रही चोरियों की वारदातों से नगर के आमजन में भय का वातावरण बनता जा रहा है क्योंकी चोर नगर में एकदम सक्रिय हो गये है । सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रितेश राठी के निवास से भी अज्ञात बदमाश दो एक्टीवा टु व्हीलर चोरी कर ले गये है जिसके भी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ।

महिला परिषद पदाधिकारियों का टांडा दौरा, राजेंद्र जैन पाठशाला में बच्चों की प्रगति देखी

टांडा (धार).अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रैमा बेन गांधी मुथा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती संगीता बेन पोरवाल के द्वारा अपने वार्षिक संयम वंदन यात्रा के दौरान आज टांडा नगर आगमन हुआ यहां चल रहे तत्व चिंतन चातुर्मास में पूज्य साध्वीजी जी तत्वलता श्री जी महाराज सा आदि ठाणा चार के दर्शन वंदन कर सुख साता पूछी महिला परिषद टांडा में चल रही गतिविधि की जानकारी प्राप्त की तथा आगामी होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी उन्होंने टांडा नगर में चल रही राजेंद्र जैन पाठशाला का अवलोकन किया एवं टांडा की पाठशाला में चल रही धार्मिक कार्यों की प्रशंसा की तथा उपस्थित बच्चो को पुरुस्कृत किया तथा पाठशाला संचालिका का बहुमान किया .

नगर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी भगवन्त कुसुमलता श्री जी महाराज सा ने अपने उद्बोधन में कहा है कि माता पिता जैसे अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं उसी तरह प्रतिदिन शाम को पाठशाला अवश्य भेजना चाहिए जिससे बच्चों का धर्म के प्रति ज्ञान बढ़ेगा और वह धर्म और संस्कृति से हमेशा जुड़े रहेंगे आज के युग में बच्चों को धर्म का ज्ञान बहुत जरूरी है वही टांडा की पाठशाला में प्रतिदिन बच्चे बढ़ते जा रहे हैं पूज्य महाराज सा ने महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के बारे में बताया कि पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के दिव्य आशीर्वाद से तथा वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा तथा वर्तमान आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सूरीजी महाराज सा की प्रेरणा से जब से दायित्व संभाला है तब से यह पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर पाठशाला का अवलोकन करते हैं एवं बच्चों को पाठशाला से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप उपहार देकर उन्हें पाठशाला प्रतिदिन आने के लिए प्रेरित करते हैं इस तरह का कार्य इनके दिनचर्या में जुड़ा हुआ है यह हमेशा तन मन और धन से कार्य करते रहते हैं पूज्य साध्वी जी भगवंत ने इनके कार्य की खूब–खूब अनुमोदना की ।

महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमा बेन गांधी मुथा ने कहा की पुण्य सम्राट का सपना था समाज का हर बच्चा पाठशाला जाए तथा धार्मिक ज्ञान एवं संस्कार प्राप्त करे वर्तमान गच्छाधिपति के सतत मार्गदर्शन में हम गुरुदेव के सपने को साकार करने का भरपूर प्रयास कर रहे है ।

राष्ट्रीय महामंत्री संगीता बेन पोरवाल ने कहा की भारत भर में जहा महिला परिषद की शाखा हे वहा वर्ष भर में एक बार जाकर शाखा की प्रगति रिपोर्ट लेते हे तथा विशेष कर बच्चो में धार्मिक ज्ञान बढ़े इसके लिए बच्चो को प्रोत्साहित करते हे । आज दूसरी बार टांडा आए तथा महाराज सा के सानिध्य में पाठशाला के बच्चो को पुरुस्कृत किया आरंभ में टांडा महिला परिषद तथा बहु परिषद द्वारा अध्यक्ष तथा महामंत्री का माला प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया गया ।

दीपावली मिलन समारोह के साथ ब्राह्मण समाज का अन्नकूट

बदनावर। श्री ब्राह्मण समाज बदनावर द्वारा दीपावली मिलन समारोह, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार को महर्षि श्री परशुराम गुरुकुल वाटिका किया गया।

आयोजन का शुभारंभ भगवान परशुराम जी का पूजन–अर्चन एवं आरती के साथ हुआ। जयश्री भट्ट और अनुराधा जोशी ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें बच्चों ने सुंदर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।

समारोह में समाज के 70 से प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं हनुमान चालीसा कंठस्थ करने वाले भव्या शर्मा, अनुराग अग्निहोत्री, अथर्व जोशी, द्वारिका शर्मा, दुलार जोशी पाँच बच्चों को पूर्व अध्यक्ष श्री मति स्मिता पंकज शर्मा द्वारा 2500 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के सभी पूर्व अध्यक्षों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मंडल की पदाधिकारिणियों का भी सम्मान किया गया। महिला मंडल द्वारा गरबा प्रतियोगिता आयोजित की गई, बेस्ट ड्रेस सोनू चौधरी, दीपा जोशी अनुराधा जोशी गरबा कंपटीशन में संगीता पांडे, तनु शर्मा, संजना व्यास, छाया उपाध्याय को पुरस्कार दिया गया। थाली प्रतियोगिता में निधि द्विवेदी को पुरस्कार दिया गया। वही नृत्य प्रतियोगिता में गीतांजलि जोशी, मेहर शर्मा को भी पुरस्कार दिया गया। इसके बाद सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण की।

समारोह में समाज की एकजुटता और संगठन की भावना पर बल देते हुए समाज अध्यक्ष दीपक द्विवेदी ने कहा कि समाज को एक साथ जुड़कर अपनी एकता का परिचय देना चाहिए। महिला मंडल अध्यक्ष मंजू लिटोरिया और कार्यकारी अध्यक्ष मंजुला मेहता ने महिला वर्ग से समाज के ऐसे आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र अग्निहोत्री और सुहासी लिटोरिया ने किया। अंत में सभी समाजजनों ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण कर आयोजन का समापन किया। आभार स्मिता शर्मा ने माना। गरबा प्रतियोगिता के निर्णायक विजयलक्ष्मी शर्मा, सीमा रावल, मंजुला मेहता रहे। जानकारी ब्राह्मण समाज मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने दी।

एक नजर — भरतपुर तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष तथा महिला परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंत्री का टांडा आगमन जैन संघ परिषद परिवार ने किया बहुमान

टांडा तत्व चिंतन चातुर्मास में हुआ श्रेणी तप तपस्वियों का बहुमान

टांडा । पुण्य सम्राट राष्ट संत पूज्य गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के दिव्य आशीष तथा वर्तमान सुविशाल गच्छाधिपति ह्रदय सम्राट श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा, आचार्य श्री जयरत्न सूरीजी महाराज सा की अज्ञानुवर्ती सरलमना पूज्य साध्वी जी स्नेहलता श्री जी महाराज सा की शिष्या तत्वलता श्री जी महाराज सा आदि ठाणा चार का चातुर्मास हर्ष उल्लास से चल रहा। दीपावली बाद से हर दिन एक नया कार्यक्रम हो रहा हे। प्रथम दिवस भगवान महावीर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया, गौतम रास साध्वीजी के मुखार बिंद से हुआ ,गौतम स्वामी जी की बड़ी पूजन , टांडा में प्रथम बार 45 आगम ग्रंथ की विधिवत

पूजन लाभार्थी परिवारों ने तथा समाजजनों ने किया । भगवान आदिनाथ पूजन हुआ गौतम स्वामी जी तथा गुरुदेव राजेंद्र सूरीजी महाराज सा की प्रतिमा का अभिषेक पूज्य साध्वी जी भगवंत की निश्रा में हुआ।

चातुर्मास अंतिम दिनों में यहां 100 से भी अधिक दिनो से चल रही बड़ी तपस्या के तपस्वी का बहुमान किया गया। नगर की श्रीमती सीमा बेन प्रकाशचंद्र गादिया के श्रेणी तप, श्रीमती विनीता बेन विनोद जी बोरी श्रेणी तप ,श्री प्रफुल कुमार सागरमल जी चौहान के 108 आयंबिल तप की पूर्णाहुति पर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई ।जिसका समापन आराधना भवन में हुआ। बाहर से पधारे अतिथियों तथा संघ प्रमुखों द्वारा गुरुदेव के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया अतिथि श्री बाबूलाल जी कटारिया भरतपुर राजस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष , श्री लोकेशजी दसेड़ा जी जावरा , श्री कांतिलाल जी वागरेचा खवासा का शाल श्री फल तथा प्रतीक चिन्ह दे कर संघ तथा परिषद परिवार, चातुर्मास समिति द्वारा बहुमान किया गया। तपस्वी प्रफुल भाई चौहान , श्रीमती सीमाबेन गादिया , विनीता बेन जैन का जैन श्री संघ टांडा की ओर से महिला परिषद ,बहु परिषद की सदस्याओ ने उनके तप की अनुमोदना करते हुए शाल श्री फल माला तथा अभिनंदन पत्र, रजत सिक्का भेट कर बहुमान किया गया।

इस अवसर पर साध्वीजी तत्वलता श्री जी तप की महत्ता बताते हुए कहा की तपस्या से हमारे कर्मो की निर्जरा होती हे, आत्मा निर्मल होती हे, वही तपस्वी का तेज चमकता है। प्रफुल भाई , सीमा बेन तथा विनीता बेन ने चातुर्मास के दौरान 100 से अधिक दिनो की उग्र तपस्या कर अपनी आत्मा का कल्याण किया साथ ही श्री संघ का गौरव भी बढ़ाया हे ।कार्यक्रम में पाठशाला संचालिका श्रीमती चंदा बेन बांठिया , श्रीमती लक्ष्मी बेन नाहर का जैन श्री संघ की ओर से उपस्थित महिला परिषद बहु परिषद द्वारा शाल श्री फल माला से बहुमान किया गया कार्यक्रम का संचालन निर्मल श्रीश्रीमाल ने किया।